दैनिक
# मृदुल पत्रिका
राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित
पृष्ठ 8 वर्ष 16 मूल्य 2.00 रुपए अंक 154 | जयपुर, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990



### सीरी में विश्व हिंदी दिवस समारोह का आयोजन , वार्षिक विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' का विमोचन

# मातृभाषा में तकनीकी शिक्षण देश के समग्र विकास का प्राण तत्वः डॉ राघव प्रकाश

**पिलानी (मृदुल पत्रिका)।** सीएसआईआर-सीरी, पिलानी में विश्व हिंदी दिवस समारोह गरिमामयी ढंग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राघव प्रकाश, निदेशक, परिष्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने की। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्मिकों के अलावा परिष्कार कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सविता पाईवाल, विज्ञान फैकल्?टी एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे। डॉ. राघव प्रकाश ने अपने संबोधन में हिंदी के वैश्विक प्रभाव और मातृभाषा में शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। मातृभाषा में तकनीकी शिक्षण को देश के समग्र विकास का प्राण तत?व बताते हुए डॉ. प्रकाश ने हिंदी को उपभोक्ता की भाषा से उत्पादकता की भाषा में परिवर्तित करने की दिशा में ठोस प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने हिंदी के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय प्रभाव और इसके माध्यम से आर्थिक व सांस्कृतिक समृद्धि प्राप्त करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

इससे पूर्व अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. पी. सी. पंचारिया ने डॉ राघव प्रकाश, श्रीमती सविता पाईवाल एवं परिष्कार कॉलेज की टीम का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने सभी सहकर्मियों को विश्व हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की वार्षिक विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' के नवीनतम अंक का विमोचन भी किया गया तथा पत्रिका के विज्ञान लेखकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरि?ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने सभी उपस्थित सहकर्मियों को मुख्?य अतिथि का औपचारिक परिचय दिया। अंत में डॉ सुचंदन पाल मुख्य, वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ पंचारिया ने मुख्य अतिथि को शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत करते हुए उनके प्रेरक विचारों के लिए निदेशक सहित सभी के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।